जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

03 नवम्बर 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया एलुमनी कनेक्ट ने किया एलुमनी मीट और डिनर 2023 का सफलतापूर्वक आयोजन

जामिया एलुमनी कनेक्ट (जेएसी) ने 2 नवंबर, 2023 को जामिया मिलिया इस्लामिया के 103वें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के नेहरू गेस्ट हाउस में एक एलुमनी मीट और डिनर का आयोजन किया। जामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर (पद्मश्री) समारोह की मुख्य अतिथि थीं। प्रो-वाइस चांसलर प्रो. इकबाल हुसैन; विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. हनीफ कुरेशी (आईपीएस), संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार; डॉ. फरहत आजाद, प्रधान वैज्ञानिक, परिवहन, योजना और पर्यावरण प्रभाग, सीएसआईआर-सीआरआरआई, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार; ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के भारत के निदेशक श्री फैसल बेग और यूएनओडीसी के संचार अधिकारी श्री समर्थ पाठक समारोह के विशिष्ट अतिथि थे।

जेएसी के प्रोफेसर-प्रभारी प्रोफेसर मनसफ आलम ने मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथियों और सभी पूर्व छात्रों का स्वागत किया। अपने संबोधन में उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से अनुरोध किया कि वे कक्षाओं, छात्रावासों, प्रयोगशालाओं आदि जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को प्रायोजित करके विश्वविद्यालय के विकास में मदद करें और अपना अमूल्य परामर्श प्रदान करें।

यह एलुमनी मीट सफल रही क्योंकि बहुत ही कम समय में दिल्ली और एनसीआर से 400 से अधिक पूर्व छात्रों ने इसमें भाग लिया। अपने व्यक्तिगत परिचय सत्र में, उन्होंने अपने अनुभव, जामिया की यादें और वर्तमान आकांक्षाएं साझा कीं। उन्होंने अपने मातृ संस्थान की बेहतरी के लिए मदद करने और अपना सहयोग देने की इच्छा भी व्यक्त की।

जामिया की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर ने अपने संबोधन में कहा कि हम भविष्य में एलुमनी कनेक्ट सेल को मजबूत करेंगे। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से जहां भी संभव हो जेएसी का एक लोकल चैप्टर स्थापित करने और पूर्व छात्रों को उनके कार्यस्थल और समाज से जोड़ने का अनुरोध किया।

प्रभारी प्रोफेसर मनसफ आलम के नेतृत्व में जेएसी टीम और उप समन्वयक डॉ. एरम खान, डॉ. मोहम्मद आबिद और डॉ. अबरार अहमद ने इंटर्न और वोलेंटीयर्स की सहायता से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए कड़ी मेहनत की।

कार्यक्रम जेएसी के उप समन्वयक डॉ. अबरार अहमद के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त हुआ, जिसके बाद सभा द्वारा राष्ट्रगान गाया गया और वार्षिक रात्रिभोज 2023 का आयोजन किया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया